आओ घटाना सीखें



यश के पास ३ जामुन थे । उसने २ जामुन रमा को दिए ।
अब उसके पास कितने जामुन बचे ?

३ – २ = १



अब इस चित्र को देखा क्या ?
नदी के तट पर पाँच मेढक बैठे थे । एक मेढक अचानक पानी में कुद पड़ा अब तटपर कितने मेढक बचे उसे गिनों ।

	५
–	१

५ – १ = ☐



यह अपने दोस्त और सखियों द्‌वारा बनाए गए चित्र हैं उनकी कहानी तुम बताओ । तुम भी ऐसा चित्र बनाकर अपने मित्रों-सखियों से कहानी बनाने को कहोगे क्या ?

एक संख्या से दूसरी संख्या कम करने के लिए अर्थात् घटाने के लिए '–' इस चिन्ह का उपयोग करते हैं इसे 'ऋण' पढ़ते हैं ।

चित्र देखो और चौखट पूरा करो ।

३ – १ =

४ – २ =



५ – २ =

– =

8SYI16

बरफी की कहानी

माँ ने डिब्बे में ६ बरफियाँ रखीं । माँ सब्जी लेने बाजार गयी । रमा विद्यालय से घर आयी । उसने डिब्बा खोलकर देखा । डिब्बें में उसे ६ बरफियाँ दिखीं । रमा के मुँह में पानी आ गया । उसने उसमें से २ बरफियाँ खा ली । घर लौटने पर माँ ने डिब्बा खोला, तो उसमें चार ही बरफियाँ थी ।

माँ : रमा, तुमने २ बरफियाँ खायी ?

रमा : माँ, मैंने १ बरफी खायी ।

माँ : रमा, तुम सही बोल रही हो न ?

रमा : माँ, मुझे बरफी खूब अच्छी लगी इसलिए मैंने एक बरफी और खा ली ।

माँ : शाबास ! रमा तुमने सही बताया । यह लो एक और बरफी । यह एक बरफी पिताजी को दे दो । एक बरफी दादीजी को दे दो और एक मै खाती हूँ ।

क्या कहानी पसंद आयी ? अब बताओ,

१) माँ ने डिब्बे में कितनी बरफी रखी थी ? ☐

२) रमा ने कितनी बरफी खायी ? ☐

३) माँ ने रमा के सच बोलने पर कितनी बरफी दी ? ☐

४) रमा ने दादीजी एवं पिताजी को मिलाकर कितनी बरफी दी ? ☐

५) माँ ने खुद कितनी बरफी ली ? ☐

६) अंत में डिब्बे में कितने बरफी बची ? ☐

खाली जगह में उचित संख्या लिखो ।

५ - ३ = ☐

२ - १ = ☐

८	९
- २	- ५
☐	☐

६ - ☐ = १

७ - ३ = ☐

९ - ☐ = ९

☐ - ☐ = ८

पढ़ो और हल करो ।

- नगमा के पास ५ बेर थे । उसने ३ बेर सलमा को दिया । अब नगमा के पास कितने बेर शेष बचे ?

५	नगमा के पास बेर
– ३	सलमा को दिए बेर
☐	नगमा के पास बचे बेर

- टोकरी में ९ सीताफल थे । दादाजी ने उसमें से ६ सीताफल मित्रों को खाने के लिए बाँट दिया, तो टोकरी में कितने सीताफल शेष बचे ?

९	टोकरी में सीताफल
– ☐	बाँटे गये सीताफल
	शेष सीताफल

- समीरा के पास ३ पेन्सिल थी । समीरा ने १ पेन्सिल सहेली को दिया तो समीरा के पास कितनी पेन्सिल बची ?

☐	समीरा के पास पेन्सिल
☐	सहेली को दिये पेन्सिल
☐	बची पेन्सिल

- डिब्बे में ४ लड्डू थे । उनमें से १ लड्डू बलबीर ने खा लिया तो अब डिब्बे में कितने लड्डू बचे ?

☐	डिब्बे में रखे लड्डू
☐	बलबीर ने खाए लड्डू
☐	डिब्बे में शेष लड्डू

अपने मित्रों के हाथ में स्थित संख्याऐं घटाओ ।



8T8E2T